तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 300 साल पुरानी परंपरा के साथ भीतररास-सिहावा में निकली ...



12 सात सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक फेडरेशन ने निकाली रैली



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन के लिए आवेदन 24 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत धमतरी जिले से 5 अगस्त से 11 अगस्त तक द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर मंदिर यात्रा भेजा जाना है। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि धमतरी जिले के 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजन आवेदन प्राप्त कर आवेदन में चाहे गए दस्तावेज जैसे वर्तमान चिकित्सकीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि पूरी कर 24 जुलाई तक आवेदन संबंधित जनपद पंचायत और नगरीय निकायों में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को मिली 20 वर्ष की कठोर सजा

**धमतरी।** महिला एवं बाल अपराधों के विरूद्ध पुलिस की प्रभावी कार्रवाई एवं उत्कृष्ट विवेचना के परिणामस्वरूप पाक्सो एक्ट प्रकरण में न्यायालय ने आरोपी को कठोर सजा दिलाई है। पुलिस के अनुसार अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वारा 13 जुलाई 2026 को पारित निर्णय में आरोपी किशन यादव पिता रमतूराम



19 वर्ष ग्राम पावद्वार थाना सिहावा को धारा 332 एवं धारा 64/2 बीएनएस तथा धारा 6 पाक्सो एक्ट के अपराध में दोषी सिद्ध पाया गया। न्यायालय ने आरोपी को धारा 332 बीएनएस अंतर्गत 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड से दण्डित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर 3 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। इसके अतिरिक्त धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी किशन यादव को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में एक वर्ष के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। प्रकरण की विवेचना एएसआई दुलालनाथ द्वारा गंभीरता, दक्षता एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर की गई। प्रभावी अनुसंधान एवं साक्ष्यों का सुदृढ़ संकलन व न्यायालय में सशक्त प्रस्तुतिकरण के फलस्वरूप आरोपी के विरूद्ध अपराध सिद्ध होने पर न्यायालय द्वारा कठोर दंड पारित किया गया।

# स्कूल में 11वीं के छात्र ने 18 सहपाठियों को दांतों से काटा, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

धमतरी जिले के कुरूद विकासखंड के ग्राम सिलौटी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को एक छात्र के आक्रामक व्यवहार से स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। कक्षा 11वीं के एक छात्र ने पिछले एक सप्ताह के दौरान अपने ही 18 सहपाठियों को दांतों से काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद सभी घायल छात्रों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोर्रा ले जाया गया, जहां उनका उपचार कर एहतियातन एंटीरेबीज वैक्सीन लगाई गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छात्र का व्यवहार पिछले कुछ दिनों से असामान्य और आक्रामक था। उसने केवल लड़कों को ही निशाना बनाया, जबकि किसी छात्रा के साथ ऐसी घटना नहीं हुई। घटना के बाद विद्यालय में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच चिंता का माहौल बन गया। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचना देकर सभी प्रभावित छात्रों का उपचार सुनिश्चित कराया।

### शासकीय स्कूल सिलौटी की घटना : घायल छात्रों को लगी एहतियातन एंटीरेबीज वैक्सीन






#### मेडिकल जांच के बाद ही होगा खुलासा

घटना के बाद ग्रामीणों के बीच यह चर्चा रही कि करीब तीन वर्ष पहले संबंधित छात्र को एक आवारा कुत्ते ने काटा था। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। चिकित्सकों का कहना है कि मेडिकल जांच पूरी होने के बाद ही छात्र की स्थिति और घटना के वास्तविक कारणों के संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

#### प्रशासन ने अफवाहों से बचने की अपील की

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोर्रा के मेडिकल ऑफिसर डॉ. जयप्रकाश दीवान ने बताया कि सभी घायल छात्रों का प्राथमिक उपचार कर एहतियातन एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई गई है। संबंधित छात्र को विशेषज्ञ जांच एवं बेहतर ▶▶ शेष पेज 10 पर

## रथ की डोर खींचने लगा श्रद्धालुओं का तांता, गजामूंग प्रसाद पाने लगी रही होड़

# रिमझिम फुहारों के बीच निकली महाप्रभु की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

### देर शाम महाप्रभु पहुंचे ननिहाल, 10 दिन बाद होगी घर वापसी



रिमझिम फुहारों के बीच महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकली। हल्की बारिश में भीगने के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रास्तेभर श्रद्धालुओं का गजामूंग, फल, चाकलेट प्रसाद का वितरण किया गया। माना जाता है कि रथयात्रा के दिन बारिश होना अच्छा संकेत है।

गुरुवार को धमतरी शहर सहित पूरे अंचल में रथयात्रा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दिन सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद के बाद मंदिर के पट दर्शन के लिए खोल दिए गए थे। सुबह से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दोपहर को छप्पन भोग और महाआरती के बाद करीब 3 बजे एक एक करके भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा और महाप्रभु जगन्नाथ को रथ में विराजित किया गया। इसके बाद रथ में ही महाआरती की गई। महाआरती में जगदीश मंदिर के पुजारी बालकृष्ण शर्मा, महापौर जगदीश रामू रोहरा, मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। महाआरती के बाद धूमधाम से रथयात्रा शुरू हुई। रथ की डोर खीचने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पुलिस के जवान भी रथ खीचने में लगे थे। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने भगवान को भोग, श्रीफल सहित अन्य वस्तुएं भेंट की। रथयात्रा में विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, रंजना साहू आदि ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। श्रद्धालुओं को वितरण के लिए करीब 10 क्विंटल गजामूंग का प्रसाद बनाया गया था। सुबह से मंदिर में वितरण चलता रहा। रथयात्रा के दौरान भी रास्तेभर श्रद्धालुओं को गजामूंग का वितरण किया गया। देर शाम तक रथयात्रा गौशाला पहुंची। इस स्थान को भगवान के ननिहाल का रूप दिया गया है। महाप्रभु 10 दिन यहां रहेंगे। फिर रथ की वापसी होगी।

### महाआरती के बाद निकली रथयात्रा



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंडित राजेश शर्मा ने सुबह मंदिर जाकर महाप्रभु के दर्शन किए। रथयात्रा निकलने से पहले भगवान के रथ पर आरती की और भगवान जगन्नाथ से जगत कल्याण और धमतरी की समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद परिवार सहित रथ खींचा। उन्होंने कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा के बिना कल्याण नहीं है। पंडित राजेश के साथ रथयात्रा में प्रकाश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, पीयूष राठौड़, सूरज शर्मा, योगेश गांधी, दौलत आडवाणी, मनीष अग्रवाल, अंकित राखेचा, गोलू ठाकुर, विकास शर्मा, पप्पू सोनी, राहुल श्रीवास्तव, विजित सोनी आदि शामिल हुए।

#### गांव-गांव से पहुंचे लोग

रथयात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में आसपास के गांव से लोग पहुंचे थे। शहर के श्रद्धालुओं की भीड़ भी महाप्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। रथयात्रा के दौरान मौसम खुशनुमा हो गया। रास्तेभर रिमझिम फुहार होती रही। हल्की बारिश का मजा लेते लोग रथयात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं के लिए स्वामी टेउंराम के 140 जन्मोत्सव पर आयोजित चालीसा महोत्सव के तहत प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। अंबिका टायर के सामने भी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।


#### तगड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था

रथयात्रा में सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग ने तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और एसपी भावना पांडेय अपने वाहन से रथयात्रा के आगे चल रहे थे। सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी भी रथयात्रा के साथ घूम रहे थे। रथयात्रा शुरू होने से पहले बालक चौक और कचहरी चौक के पास बैरिकेड्स लगाकर वाहनों की आवाजाही बंद करा दी गई। रथयात्रा के रास्ते को क्लियर रखने के लिए सभी वाहनों को दूसरी ओर डायवर्ट कर दिया गया था। चौक - चौराहों में भी जवानों की तैनाती की गई थी। रथ के आसपास वर्दी और सादे कपड़ों में जवान घूमते नजर आए।

#### इनका रहा सहयोग

रथयात्रा में गौरव शर्मा, जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, सत्यनारायण राठी, प्रकाश गांधी, मोहन अग्रवाल, लखमशी भाई भानुशाली, श्याम सुंदर अग्रवाल, डॉ हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, सर्व गुजराती समाज के प्रदेशाध्यक्ष प्रीतेश गांधी, विपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, अनिल मित्तल, विनोद अग्रवाल, रविकांत अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, विकास अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, महेंद्र पंडित, राजेंद्र शर्मा, कीर्ति शाह, गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, हरि कटारिया, अजीत खंडेलवाल, अनुराग महावर, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, प्राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, निशित पटेल, अंशुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, जयेश मेहता, सुबोध ठाकुर, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर, प्रतापराव कृदत, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, प्रियंक गांधी, राकेश चंदवानी, दुष्यंत, वेदांत खंडेलवाल तथा अन्य समाजसेवी एवं स्वयंसेवक जुटे रहे।

# बस व हाइवा में भिड़ंत, कंडक्टर सहित यात्री घायल



- एनएच 30 में पुट्टु ढाबा के सामने हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नेशनल हाइवे में बस और हाइवा में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बस कंडक्टर व एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बस के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मनीष ट्रेव्हल्स की बस क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 4300 बुधवार की रात्रि रायपुर से जगदलपुर जाने के लिए निकली थी। बस धमतरी से भी यात्रियों को बिठाकर नेशनल हाइवे से होते हुए जगदलपुर जा रही थी। बस पुट्टु ढाबा के आगे स्थित पुलिया को पार कर आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान विजय राइस मिल के सामने से आ रहा हाइवा क्रमांक सीजी 05 एबी 5628 अचानक मिल की तरफ मुड़ गया जिससे सामने से आ रही यात्रियों से भरी बस



हाइवा से टकरा गई। इस टक्कर में बस के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक हुई टक्कर से बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में अपने परिवार के साथ तोकापाल जा रहे रायपुर निवासी विशाल सिन्हा 39 वर्ष व बस का कंडक्टर हिरेंद्र वर्मा उम्र 32 वर्ष घायल हो गए। घटना की सूचना पर वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान एवं डोमन साहू तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए श्रीराम अस्पताल पहुंचाया।

# विवाह समारोह के साथ बैक्वेट हॉल का शुभारंभ

- बरदिहा लेकव्यू रिसार्ट के आधुनिक सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशन्ड बैक्वेट हाल में मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसार्ट में शहर के सबसे बड़े एवं अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशन्ड बैक्वेट हॉल की सॉफ्ट ओपनिंग गोयल परिवार के भव्य विवाह समारोह के साथ गरियामय वातावरण में हुई। इस अवसर पर बैक्वेट हाल की आकर्षक सजावट व लाइट डेकोरेशन किया गया। बैक्वेट हाल के विशाल वातानुकूलित परिसर में आधुनिक इंटीरियर, पर्याप्त पार्किंग, उत्कृष्ट केटरिंग एवं विश्वस्तरीय आतिथ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विवाह रिसेप्शन, कार्पोरेट मीटिंग, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए धमतरी एवं आसपास के क्षेत्र के लिए एक प्रमुख आयोजन स्थल के रूप में उभरा है।

रिसार्ट प्रबंधन तथा जनरल मैनेजर सुमन्त सिंह ने बताया कि बरदिहा लेकव्यू रिसार्ट का उद्देश्य प्राकृतिक सौंदर्य के बीच विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ यादगार आयोजन का अनुभव प्रदान करना है। गोयल परिवार के विवाह समारोह के साथ शानदार शुरूआत ने बैक्वेट हॉल की भव्यता, उत्कृष्ट व्यवस्थाओं एवं आतिथ्य की नई पहचान स्थापित की है।





## राम मंदिर चंदा चोरी पर कांग्रेस की प्रेस कांफ्रेंस

# कांग्रेस नहीं करती है भगवान राम के नाम पर राजनीति : शैलेष

- भाजपा को बताया कालनेमी, कांग्रेस को हनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गुरुवार को राजीव भवन में पाठयपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं रायपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेष नितिन त्रिवेदी ने प्रेस कांफ्रेंस ली। उन्होंने अयोध्या के राममंदिर में चंदा चोरी के मामले पर कहा कि कांग्रेस राम नाम की राजनीति नहीं करती है। उन्होंने भाजपा को कालनेमी तथा कांग्रेस को हनुमान बताया।



श्री त्रिवेदी ने कहा कि भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा बीजेपी, आरएसएस की राजनीति लूट का शिकार हो गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम करोड़ों भारतीय की आस्था, संस्कृति और नैतिक चेतना के प्रतीक हैं। देश के कोने- कोने से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई, अपने गहने, अपनी बचत और श्रद्धा लेकर राम मंदिर निर्माण के लिए आगे आए। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने लगभग 3 दशक तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की। देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किया और इसी आंदोलन के आधार पर सत्ता प्राप्त की। उन्होंने सवाल उठाया कि भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा और चढ़ावा आखिर किसके संरक्षण में लूटा गया। सह सिर्फ आर्थिक घोटाला नहीं ब्लकि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया गया घोर विश्वासघात है।

कांग्रेस नेता शैलेष नितिन त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा राम द्रोही है। पहले चंदा में हेराफेरी कराई, अब चढ़ावा में चोरी। मंदिर निर्माण के समय रामशिला पूजन के नाम पर 14 हजार करोड़ से अधिक की राशि एकत्रित हुई। इसका जवाब आरएसएस और भाजपा आज तक नहीं दे पाए। उनके ही सहयोगी नेताओं ने मंदिर निर्माण के समय एकत्रित चंदे पर आरोप लगाया। जिन लोगों ने मंदिर निर्माण पर चंदा में हेराफेरी की वही लोग मंदिर बनाने के बाद चढ़ावा में हेराफेरी करने लगे। जब ट्रस्ट का गठन प्रधानमंत्री की देखरेख में हुआ तो इस घोटाले का जवाबदेही कौन लेगा। मंदिर में सब ठीकठाक था तो चंपतराय और अनिल मिश्रा का इस्तीफा क्यों ? गिरफ्तारियां शीर्ष स्तर पर क्यों नहीं हो रही हैं।

श्री त्रिवेदी ने भाजपा की भूमिका को रामायण के पात्र कालनेमि से और कांग्रेस को हनुमान की भूमिका से जोड़ते हुए कहा कि भाजपा अंदर से कुछ और बाहर से कुछ और कर रही है। भगवान ▶▶ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### रथयात्रा पर्व पर पैराडाइज स्कूल में गूंजा 'जय जगन्नाथ'



**कांकेर।** पैराडाइज स्कूल में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला, आर्ट एंड क्राफ्ट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के तहत प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने भगवान जगन्नाथ एवं रथयात्रा से जुड़े आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं कई छात्र-छात्राएं श्रीकृष्ण, सुभद्रा और बलराम के मनमोहक वेश में सजे और झांकी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राथमिक कक्षा के छात्र भूविक साहू ने रथ यात्रा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, सेवा, विनम्रता और मानवता का संदेश देता है तथा श्रेष्ठ विचार और अच्छे कर्म ही जीवन को सफलता की ओर ले जाते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### स्कूल में 11वीं के छात्र ने 18 सहपाठियों को ...

उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया है। शिक्षक संतोष कुमार ध्रुव ने बताया कि सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि आधिकारिक मेडिकल रिपोर्ट आने तक किसी भी प्रकार की अफवाह या अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें।

### कांग्रेस नहीं करती है भगवान राम के नाम...

राम मंदिर स्थापना में कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मंदिर बनने से पहले छोटी मूर्ति की स्थापना कांग्रेस शासनकाल में हुई थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम के मंत्र से देश को आजादी दिलाई। सुभाषचंद्र बोस ने उसे राष्ट्रपिता कहा। महात्मा गांधी ने अंतिम सांस में हे राम का नाम लिया। कांग्रेस भगवान राम के नाम पर राजनीति नहीं करती।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चंद्राकर, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, कांग्रेस नेता आनंद पवार, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, अरविंद दोशी, सूर्याराव पवार, रजत जसूजा, सूर्यप्रभा चेटियार, कृष्णकुमार मरकाम, विशु देवांगन, शास्त्री सोनवानी आदि मौजूद थे।

# सूकर प्रजनन वितरण योजना से अशोक कुमार चांद की बदली जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के ग्राम बागतराई निवासी अशोक कुमार चांद ने यह साबित कर दिया है कि यदि शासन की योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाया जाए और मेहनत एवं लगन के साथ कार्य किया जाए, तो सीमित संसाधनों के बावजूद आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सकती है। अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित श्री चांद आज सूकर पालन के माध्यम से अपने परिवार की आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर ग्रामीण क्षेत्र के अन्य पशुपालकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं।

पशुधन विकास विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में संचालित सूकर प्रजनन वितरण योजना के अंतर्गत पशु औषधालय कुरी के माध्यम से अशोक कुमार चांद को 2 मादा एवं 1 नर सूकर की इकाई उपलब्ध कराई गई। योजना की इकाई लागत 10,000 रुपये थी, जिसमें 90 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया गया तथा शेष राशि हितग्राही द्वारा अंशदान के रूप में वहन की गई। योजना का लाभ उन्हें 21 जून 2024 को प्राप्त हुआ।

### तकनीकी मार्गदर्शन से सूकरों की संख्या बढ़ी

योजना का लाभ मिलने से पहले श्री चांद के पास केवल 6 सूकर 5 मादा एवं 1 नर थे। वैज्ञानिक पद्धति से सूकर पालन, समय पर टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार एवं पशुधन विकास विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन के कारण उनके सूकरों की संख्या लगातार बढ़ती गई। बेहतर प्रबंधन और प्रजनन के परिणामस्वरूप सूकरों की कुल संख्या बढ़कर 266 तक पहुंच गई।

### सूकर पालन से आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे लोग





### अन्य ग्रामीणों के लिए प्रेरणा बने

सूकर पालन से उन्हें लगातार आर्थिक लाभ भी प्राप्त हुआ। वर्ष 2025 में उन्होंने 7 सूकरों का विक्रय कर अतिरिक्त आय अर्जित की। इसके बाद 12 जुलाई 2026 को उन्होंने 37 स्वस्थ एवं तैयार सूकरों का औसतन 6,000 रुपये प्रति सूकर की दर से विक्रय किया, जिससे उन्हें कुल 2 लाख 22 हजार रुपये की आय प्राप्त हुई। विक्रय के बाद भी उनके पास 15 वयस्क सूकर एवं 7 बच्चे शेष हैं, जो भविष्य में आय का स्थायी स्रोत बनेंगे।

## अंवरी में 20 जुलाई को चक्काजाम करने की दी चेतावनी

# गति अवरोधक नहीं बने तो सड़क पर उतरेंगे ग्रामीण



- स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर कई बार सौंपे गए ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम विकास समिति अंवरी ने कल्ले से अंवरी होते हुए आमदी तक नवनिर्मित सड़क पर गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) बनाए जाने की मांग को लेकर शासन-प्रशासन को 20 जुलाई को चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

समिति के अनुसार इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य कुलेश्वरी गायकवाड़ को लिखित आवेदन सौंपा गया था। श्रीमती गायकवाड़ ने बताया कि उन्होंने इस मांग को जिला पंचायत की सामान्य सभा तथा दिशा समिति की बैठक में भी उठाया, लेकिन संबंधित विभाग ने बजट का अभाव बताते हुए कोई कार्रवाई नहीं की। ग्राम विकास समिति का कहना है कि 6 मई 2026 को भी



इस समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसके बाद 14 जुलाई 2026 को कलेक्टर एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी कुरूद को पुनः ज्ञापन सौंपकर शीघ्र गति अवरोधक बनाने की मांग की गई।

समिति ने बताया कि नेशनल हाईवे से जुड़ने वाली कल्ले-आमदी सड़क के बीच ग्राम अंवरी है। गांव के तालाब, अस्पताल, आंगनबाड़ी, स्कूल सहित दैनिक उपयोग के अधिकांश स्थान सड़क की दूसरी ओर है जिसके कारण ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को प्रतिदिन सड़क पार करनी पड़ती है। वहीं मरौद टोल प्लाजा शुरू होने के बाद इस मार्ग पर ट्रक, ट्रेलर, हाईवा सहित भारी वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ गई है और वाहन तेज रफ्तार से 24 घंटे गुजरते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

समिति ने बताया कि 12 जुलाई को तीन स्कूली बच्चे एक तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। इसके अलावा पूर्व में भी एक मोटरसाइकिल चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर नाली में गिर गया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। इन घटनाओं के बावजूद प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं।

ग्राम विकास समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो ग्रामवासी 20 जुलाई को गांव के मुख्य मार्ग पर धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## अंचल की खबरें

### सावित्री बनीं शाला विकास समिति अध्यक्ष



**अंवरी।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला जोरातराई अं में शाला विकास समिति का गठन किया गया। सावित्री देवांगन शाला विकास समिति अध्यक्ष, नरेंद्र साहू उपाध्यक्ष, मानसिंह साहू शिक्षाविद एवं ईश्वर निषाद पंचायत प्रतिनिधि चुने गए। चिंताराम निषाद, प्रमोद तुर्कांने, राजेंद्र साहू, दिनेश साहू, राजिम बाई, यामिनी यदु, बिमला निषाद, इन्दुमती साहू, रूपकुमारी साहू, जीवन बाई साहू एवं सोनम बाई साहू को सदस्य चुना गया। इनकी नियुक्ति पर सरपंच पूर्णिमा साहू, रामस्वरूप साहू, नन्दकुमार बनपेला, देवेंद्र साहू, प्रधानपाठक यशवंत साहू ने हर्ष जताया है।

### कुरूद ब्लॉक में आईसीटी ट्रेनिंग शुरू



**डांडेसरा(धमतरी)।** कुरूद ब्लाक अंतर्गत हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल के शिक्षकों के लिए 5 दिन का आईसीटी ट्रेनिंग का शुभारंभ 13 जुलाई से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव में हुआ। इसमें कुरूद ब्लॉक के 44 विद्यालय के शिक्षकों ने भागीदारी की। नागेश्वर सेन ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर प्राचार्य एलआर निषाद, विकासखंड सहायक शिक्षा अधिकारी प्रतिभा ध्रुव समेत शिक्षकगण उपस्थित थे। इस दौरान डिजिटल साक्षरता, प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर, लैबटॉप से संबंधित विभिन्न तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

### सशिमं के छात्रों ने ली स्वर्ण प्राशन की खुराक



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर में 30 विद्यार्थियों को स्वर्ण प्राशन की दवा पिलाई गई। इस दवा का निर्माण विशिष्ट मंत्र, स्वर्ण भस्म, वचा, ब्राम्ही, शंख पुष्पी, पीपर, जटामासी, मघ, ब्राम्ही घृत के संयोजन से किया जाता है। यह दवा पुष्य नक्षत्र के दिन पिलाई जाती है। यह दवा पीने से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। बुध्दि व बल का विकास होता है। आगामी स्वर्णप्राशन 11 अगस्त मंगलवार को होगा।

# सिंधौरी कला गौठान बाड़ी में औषधीय पौधे रोपे

- विद्यार्थियों ने जाना शतावरी का महत्व, औषधीय पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



ग्राम पंचायत सिंधौरी कला की गौठान बाड़ी में औषधीय पौधों के संरक्षण और आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शतावरी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधरोपण किया तथा औषधीय पौधों के महत्व को समझा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि शतावरी आयुर्वेद की महत्वपूर्ण औषधियों में शामिल है। इसका उपयोग कई प्रकार की आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में किया जाता है और यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शरीर को पोषण देने तथा स्वास्थ्य संरक्षण में उपयोगी मानी जाती है। बच्चों ने पौधों की पहचान कर उनके उपयोग और संरक्षण की जानकारी भी प्राप्त की।

वक्ताओं ने कहा कि गौठान बाड़ी में औषधीय पौधों का विकास पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीणों के लिए आय का नया स्त्रोत भी बन सकता है। भविष्य में इन पौधों से तैयार होने वाले उत्पाद स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वावलंबन को बढ़ावा देंगे। सरपंच दुलार साहू ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों से अधिक से अधिक औषधीय पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख श्रीकांत मिश्रा, दीपक दास, इंद्रेश कुमार, गीतेश कुमार, योगेश ध्रुव, झम्मन साहू, शिक्षक दीनानाथ साहू, ओमप्रकाश पांडे, भगवती साहू, पूना राम चंद्राकर, जयलाल साहू, मुकेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रथयात्रा पर रोटरी क्लब ने किया आहार सेवा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रथयात्रा के अवसर पर रोटरी क्लब धमतरी द्वारा आहार सेवा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य रोटरी के सेवा भाव को साकार करते हुए जरूरतमंद एवं असहाय लोगों तक अन्नदान का पुण्य कार्य पहुंचाना है।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा एवं सचिव जागृति दोशी के नेतृत्व में क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी सदस्यों के सहयोग से जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया।

**न्यायलय तहसीलदार कुकरेल के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202607132400003**
**विषय :-ब-121 मामले की श्रेणी :-राजस्व**
**सन्न :- 2025-2026**

दरगहन प.ह.नं. 00001 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - अनीता,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनीता पिता मंगलराम जाति केंवट निवासी दरगहन द्वारा अपने दादा मंगलूराम, पचकौड़, लक्ष्मण, मयाराम एवं दादी मनटोरा का मृत्यु ग्राम दरगहन, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. कुकरेल, तहसील कुकरेल जिला धमतरी में क्रमशः दिनांक 10-07-92, 12-06-85, 10-06-65, 11-08-90, 11-07-67 को होने से भूलवश मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना पायी है। मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का आवेदन पेश किये जाने से प्रकरण इस न्यायलय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 17/07/26 तक पेश कर सकते हैं बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/07/2026 को जारी किया जाता है।

Khyati Kanwar
**तहसीलदार**
**तहसील कुकरेल**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**




# कलेक्टर से भखारा-भठेली के विकास कार्यों पर हुई चर्चा

- विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में विकास कार्यों को मिल रही गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



नगर पंचायत भखारा-भठेली की अध्यक्ष ज्योति जैन ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से भेंट कर नगर एवं अंचल में चल रहे तथा प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान नगर के विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

ज्योति जैन ने बताया कि विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं प्रयास से डीएमएफ मद से भखारा-भठेली में खेलप्रेमियों के लिए बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड स्थापित किया जाएगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद ई-लाइब्रेरी में वाई-फाई सुविधा प्रारंभ होने से विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। बैठक में आगामी समय में अम्मा तालाब एवं आसपास के तालाबों को प्रवासी (विदेशी) पक्षियों के आगमन को ध्यान में रखते हुए रामसर परियोजना की अवधारणा के अनुरूप विकसित करने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। इससे पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### भूमिहीन कृषक योजना एवं बैंकिंग सुविधा का उठाया मुद्दा

ज्योति जैन ने कलेक्टर का ध्यान इस ओर भी आकर्षित कराया कि दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत केंद्र एवं राज्य शासन से मिलने वाली सहायता राशि का लाभ पोर्टल बंद होने के कारण अनेक पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल पाया है। इस संबंध में उन्होंने पूर्व में भी लिखित रूप से मांग रखी थी। कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन इस विषय पर गंभीरता से आवश्यक पहल कर रहा है। इसके अतिरिक्त भखारा अंचल में शासकीय चालान जमा करने की सुविधा किसी भी बैंक में उपलब्ध नहीं होने की समस्या से भी कलेक्टर को अवगत कराया गया। स्थानीय स्तर पर चालान स्वीकार करने की बैंकिंग सुविधा प्रारंभ कराने का आग्रह किया गया। बैठक में नगर एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई।

## बेलौदी में शाला प्रबंधन समिति का सर्वसम्मति से हुआ गठन

# पालकों की सहभागिता से ही विद्यालय का समग्र विकास : बीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बेलौदी में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन हुआ। इस दौरान सरपंच सीता साहू, जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष बीरेन्द्र साहू समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे। वरिष्ठ व्याख्याता संतोष कुमार साहू ने चयन संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की 211 विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के आधार पर कुल 20 सदस्यों की समिति गठित की गई जिसमें प्राचार्य, सरपंच, एक शाला प्रतिनिधि एवं एक शिक्षाविद सहित 4 पद निर्धारित हैं। शेष 16 पालक सदस्यों में 8 महिला एवं 8 पुरुष पालकों का चयन हुआ जिसमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रतिनिधित्व भी अनिवार्य है। इन्हीं 16 पालक सदस्यों में से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन किया गया। श्रीमती सीता साहू को पंचायत प्रतिनिधि, लक्ष्मीनारायण साहू को शिक्षाविद, संतोष कुमार साहू को शाला प्रतिनिधि तथा प्राचार्य अशोक कुमार पटेल को सचिव मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि विद्यालय का समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और पालकों की सक्रिय सहभागिता से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन तिलक राम साहू व आभार प्रदर्शन प्राचार्य अशोक कुमार पटेल ने किया। प्राचार्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति में पालक समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मौके पर विद्यालय परिवार से पेमेश्वरी कंवर, शीतराम ध्रुव, अशोक कश्यप, सोफिया सैनिक, नेहा साहू, तुलेश्वर साहू, हेमलता कंवर, मोनिका साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### 14 से 15 वर्ष तक के बालिकाओं को लगाई जाएगी वैक्सीन



**दंतेवाड़ा।** जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के निर्देशानुसार 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की उन किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है, लेकिन अभी 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है।
जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस. मंडल ने बताया कि एचपीवी संक्रमण गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। समय पर एचपीवी टीकाकरण कराने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### शिकायत पर खराब ट्रांसफार्मर हुआ दुरुस्त



**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों के लिए भरोसेमंद मंच साबित हो रही है। जिले के ग्राम हीरानार के तेलगा पारा में रहने वाले ग्रामीणों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिला। जहां कई माह से खराब पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर के कारण लगभग 150 उपभोक्ता बिजली संकट से परेशान थे। हीरानार निवासी लखन यादव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 की जानकारी प्राप्त की और मई 2026 में अपनी शिकायत दर्ज कराई। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर खराब ट्रांसफार्मर का परीक्षण कराया और शीघ्र ही उसकी मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी।

### 92 किशोरियों को लगा एचपीवी टीका

**बस्तर।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने और किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री के मार्गदर्शन में एचपीवी टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण सिंह नाग के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान आज कुल 92 किशोरियों को टीका लगाया गया। टीकाकरण के दौरान किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के महत्व और टीके की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई।

बरसते बादल, भीगते भक्त... फिर भी नहीं थमी आस्था, जयघोष और भक्ति में डूबा पूरा अंचल

# 300 साल पुरानी परंपरा के साथ भीतररास-सिहावा में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गुरुवार को सिहावा अंचल में लगातार मूसलाधार बारिश होती रही। कभी तेज तो कभी रिमझिम फुहारों ने पूरे क्षेत्र को भिगो दिया, लेकिन बारिश भगवान जगन्नाथ के भक्तों की आस्था के सामने बेबस नजर आई। हाथों में छाते, शरीर पर रेनकोट और चेहरे पर भगवान के दर्शन की लालसा लिए हजारों श्रद्धालु भीतररास और सिहावा की सड़कों पर उमड़ पड़े। बारिश की बूंदों के बीच जब भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का रथ आगे बढ़ा तो पूरा वातावरण जय जगन्नाथ के जयघोष, ढोल, मांदर, मंजीरों, भजन-कीर्तन और धुमाल की गूंज से भक्तिमय हो उठा। महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे बारिश में भीगते हुए भगवान के रथ के पीछे-पीछे चलते रहे। श्रद्धालु रथ की रस्सी खींचने के लिए उत्साहित दिखाई दिए।

करीब 300 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार भीतररास स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर से भगवान का रथ पूरे वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ निकाला गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। विशेष पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को सुसज्जित रथ पर विराजमान कराया गया। जैसे ही रथ मंदिर से बाहर निकला जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा गांव गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने फूल बरसाए, आरती उतारी और भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। रथ गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नगर भ्रमण पर निकला और परंपरा के अनुसार देऊरपारा स्थित प्राचीन कर्णेश्वर महादेव मंदिर की ओर रवाना हुआ, जहां लोकमान्यता के अनुसार भगवान अपनी मौसी के घर दस दिनों तक विराजमान रहेंगे।

उधर श्रृंगी ऋषि पर्वत की तलहटी स्थित सिहावा के भगवान जगन्नाथ मंदिर से भी दूसरा रथ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निकला। मंदिर परिसर में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान की विशेष पूजा के बाद रथ नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ। बारिश के बावजूद नगर की सड़कें श्रद्धालुओं से भरी रहीं। जगह-जगह लोगों ने भगवान की आरती उतारी, प्रसाद चढ़ाया और दर्शन किए। नगर भ्रमण के बाद यह रथ पुनः अपने मंदिर पहुंचा, जहां विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान को विराजमान कराया गया।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सबसे आकर्षक दृश्य तब देखने को मिला, जब भीतररास और सिहावा के दोनों रथ लगभग 100 से 150 मीटर की दूरी पर एक ही दिशा में नगर भ्रमण करते हुए मेला में श्रद्धालुओं को दर्शन देते हुए आगे बढ़ रहे थे। दोनों रथ के बीच ढोल-मांदर की थाप, भजन मंडलियों का संकीर्तन, धुमाल की प्रस्तुतियां और हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब पूरे मेले को अद्भुत स्वरूप दे रहा था। सड़क के दोनों ओर खड़े लोग इस दुर्लभ दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए। दोनों रथों का एक साथ नगर भ्रमण वर्षों पुरानी परंपरा है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग सिहावा पहुंचते हैं।

रथयात्रा के दौरान गजामूंग का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। ढोल, मांदर और मंजीरों की थाप पर युवा बारिश में भीगते हुए नृत्य करते रहे। महिलाओं ने भी भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

भीतररास जगन्नाथ मंदिर के पुजारी ईश्वर दास वैष्णव ने बताया कि यह रथयात्रा लगभग 300 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है। यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि पूर्वजों से मिली आस्था और परंपरा की अमूल्य धरोहर है। भारी बारिश के बावजूद जिस तरह श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए उमड़े, वह भगवान जगन्नाथ के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा का प्रमाण है।

सिहावा जगन्नाथ मंदिर के पुजारी बालक दास वैष्णव ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं। इस बार भी बारिश भक्तों का उत्साह कम नहीं कर सकी और भगवान ने सभी को अपने दिव्य दर्शन दिए।

भीतररास सरपंच रेमंत शांडिल्य ने बताया कि रथ निर्माण से लेकर गजामूंग महाप्रसाद की तैयारी और वितरण तक पूरा गांव एक परिवार की तरह मिलकर कार्य करता है। सिहावा की सरपंच उषा किरण नाग ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा सिहावा की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान है।

## नगरी में भक्ति और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

- रैनकोट व छतरी लेकर श्रद्धालुओं ने खींचा रथ
- श्रद्धालुओं को चना व मूंग का प्रसाद वितरित

नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। सुबह से बारिश होती रही। रथयात्रा का शुभारंभ राजाबाड़ा स्थित दंतेश्वरी मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हुआ। इसके पश्चात तीनों विग्रह आकर्षक एवं सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। करीब 20 फीट ऊंचे एवं 8 फीट चौड़े पारंपरिक शैली में निर्मित रथ श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। रथयात्रा बजरंग चौक, बरगद चौक, गौरव पथ, जंगलपारा, रानी दुर्गावती चौक, बस स्टैंड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। मार्गभर श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। रथयात्रा में छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान का रथ खींचकर अपनी आस्था प्रकट की। श्रद्धालुओं के लिए चना एवं मूंग का प्रसाद भी वितरित किया गया। रथयात्रा में नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष नंद यादव, शीतला मंदिर पुजारी, हेमू सेन, उत्तम, शैलेंद्र लाहौरिया, हेमंत पटेल सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मेनोनाइट प्राथमिक शाला के सामने डिवाइडर में पैदल क्रॉसिंग बनाने की उठी मांग



- स्कूल प्रबंधन, वार्ड पार्षद एवं स्थानीय नागरिकों ने ननि कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

टिकरापारा मुख्य चौक स्थित मेनोनाइट प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल प्रबंधन, वार्ड पार्षद एवं स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर में पैदल रोड क्रॉसिंग के लिए स्थान छोड़ने की मांग की है।

वार्डवासियों का कहना है कि मेनोनाइट प्राथमिक शाला राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी हुई है, जहां लगभग 90 प्रतिशत विद्यार्थी टिकरापारा वार्ड के निवासी हैं। ये बच्चे प्रतिदिन अपने माता-पिता के साथ सड़क पार कर विद्यालय आते-जाते हैं।

वर्तमान में डिवाइडर का खुला भाग अंबेडकर चौक से काफी दूर म्युनिस्पिल स्कूल चौक की ओर होने के कारण बच्चों और अभिभावकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में मांग की है कि डिवाइडर के पास कम से कम 3 फीट चौड़ी पैदल क्रॉसिंग छोड़ी जाए, ताकि स्कूली बच्चे, अभिभावक एवं अन्य पैदल राहगीर सुरक्षित रूप से सड़क पार कर सकें। इससे आपातकालीन स्थिति में भी लोगों को सुविधा मिलेगी। ज्ञापन देने वालों में पार्षद मदन नेवारे, महेश रावटे, माधुरी रावटे, सुमीत मसीह, आलोक मजूमदार, प्रवीण कश्यप, बसंती मसीह, नारायण, सन्तुराम, विजयेंद्र सोंलके, पूनमचंद, गौरव शामिल हैं।

## सामाजिक भवन निर्माण की मांग को लेकर कहार भोई समाज ने महापौर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ कहार (भोई) समाज धमतरी राज के पदाधिकारियों ने पोस्ट ऑफिस वार्ड की पार्षद चंद्रभागा के सानिध्य में महापौर रामू रोहरा को मांग पत्र सौंपकर सामाजिक भवन निर्माण कराने की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया कि भवन के अभाव में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समाज के अध्यक्ष नितिन कुमार बनवासी ने बताया कि पोस्ट ऑफिस वार्ड स्थित खसरा क्रमांक 959/1 में लगभग 1588 वर्गफीट भूमि उपलब्ध है। समाजजनों ने महापौर से अनुरोध किया है कि उपलब्ध भूमि पर सामाजिक भवन का निर्माण कराया जाए, जिससे समाज के लोगों को विवाह समारोह, सामाजिक बैठकें, स्वास्थ्य शिविर, बच्चों के लिए कक्षाएं तथा अन्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन के लिए स्थायी स्थान मिल सके। मौके पर सचिव चन्द्रहास, कोषाध्यक्ष आनंद गौतम सहित समाजजन उपस्थित थे।

# रोशन बने अटंग हाईस्कूल के एसएमसी अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटंग में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। दोपहर 2 बजे पालकों एवं वरिष्ठ ग्रामीणजनों की बैठक आहूत की गई। लगभग 50 व्यक्ति उपस्थित हुए। आपसी विचार-विमर्श एवं गहन चिंतन के बाद शाला प्रबंधन एवं शाला विकास समिति के सदस्यों का मनोनयन किया गया।

समिति अध्यक्ष रोशन चंद्राकर, उपाध्यक्ष शांति साहू, सचिव प्राचार्य नूतनलाल चंद्राकर, जनप्रतिनिधियों में सरपंच गायत्री इंद्रजीत चेलक, उपसरपंच पंचायत प्रतिनिधि कोमल शुक्ला, सहसचिव लेकेश्वरी साहू सहित सदस्यों में पूर्व छात्र शिवकुमार साहू, शिक्षाविद जेएल साहू, उमेंद्र साहू, झूमर साहू, कोमल साहू, छबिलाल साहू, हेमंत साहू, मुकेश कुमार, रेखा साहू, रजनी तारक, गीता पटेल, मालती साहू, रूपेश चंद्राकर, ममता साहू, लोमश कौशिक एवं प्रभारी शिक्षक मनोज ध्रुव शामिल रहे। पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया और अपने पदों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। मौके पर भागवत साहू, योगेश साहू, कुंदन चंद्राकर, तेजेंद्र चंद्राकर, इंदरु साहू, रुद्रनाथ साहू, हेदनाथ निर्मलकर, नेहरू साहू, हेमराज चंद्राकर उपस्थित थे।

### दिव्यांगजनों ने जिला पंचायत सीईओ से की मुलाकात

**धमतरी।** दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी विश्नोई, संस्थापक बसंत कुमार विश्नोई, कोषाध्यक्ष रोहित साहू और सलाहकार घनश्याम सिंह साहू ने जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा से मुलाकात कर श्रीफल और फूल से उनका अभिनंदन किया तथा दिव्यांगजनों की समस्याओं से अवगत कराया। पेंशन और प्रधानमंत्री आवास में प्राथमिकता देते हुए पंचायतों में चलने वाले राहत कार्य में शामिल करने की मांग की।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### 50 नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरित

**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र द्वारा शासकीय जिला अस्पताल में 50 नवजात शिशु को बेबी किट का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि संस्था की शीर्ष केंद्र द्वारा नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाने हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर उपाध्यक्ष अनीता कुकरेजा, सचिव मधु बैद, कोषाध्यक्ष अनीता लुनावत, शोभा बैद, सहसचिव संजू बड़जात्या उपस्थित थीं।



### सूर्या लुंकड़ परिवार ने 6 बच्चों की फीस जमा की

**धमतरी।** श्रीमती सूर्या लुंकड़ परिवार द्वारा नूतन स्कूल सिहावा रोड में अध्ययनरत 6 बच्चों की शिक्षा के लिए कुल 40,000 की फीस जमा कराई गई। कुछ दिन पूर्व श्रीमती सूर्या लुंकड़ ने 3 बच्चों की फीस का भुगतान किया था। इसके बाद उसी परिवार द्वारा शेष 3 बच्चों की फीस भी जमा कराई गई। शांति लुंकड़ द्वारा 1 बच्चे की फीस 6,600, निशांत लुंकड़ द्वारा 1 बच्चे की फीस 6,600, श्रीमती पुष्पा बाघमार द्वारा 1 बच्चे की फीस 6,600 की राशि प्राचार्य को सौंपी गई। इस प्रकार लुंकड़ परिवार ने कुल 6 बच्चों की शिक्षा के लिए 40,000 रूपये का सराहनीय सहयोग प्रदान किया।



### कक्षाएं केवल किताबों तक सीमित न रहे : देवांगन

**धमतरी।** शासकीय हाई स्कूल कोलियारी में संकुल स्तरीय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संकुल से सेवानिवृत्त प्रधानपाठक कृष्ण कुमार देवांगन एवं शंकरलाल सोरी को विदाई दी गई। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, बीआरसी ललित सिन्हा, संकुल प्राचार्य कैलाशचंद महोबिया मौजूद रहे जिन्होंने श्री देवांगन एवं श्री सोरी को समय के पाबंद एवं एक प्रभावी शिक्षक बताया। मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने कहा कि एक अच्छे शिक्षक के रूप में हमेशा धैर्य और लगन से कठिन परिस्थितियों का सामना करना एवं बच्चों के साथ विनम्रता बनाए रखना होता है। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारी कक्षाएं केवल किताबों तक सीमित न हो बल्कि उनमें जीवन के मूल्य भी शामिल हो। संकुल के शिक्षकों ने कहा कि उनके द्वारा दी गई सीख और प्रेरणा हमेशा हमारे दिलों में रहेगी। सभी ने उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक मनोज साहू ने किया।



### सनातनी परंपराओं के अनुरूप गणेश प्रतिमा निर्माण की मांग

**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच जिला धमतरी ने मूर्तिकार संघ एवं कुम्हार समाज के आग्रह पर सनातनी परंपराओं के अनुरूप प्राकृतिक मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं के निर्माण को बढ़ावा देने तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के निर्माण, भंडारण और विक्रय पर प्रतिबंध सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर कलेक्टर, जिला अनुविभागीय अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। मंच ने कहा कि पीओपी प्रतिमाओं के निर्माण एवं विसर्जन से जल प्रदूषण और पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचती है। इस संबंध में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय हरित अधिकरण तथा विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में पुरुषोत्तम निषाद जिला संयोजक, दकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, अभिषेक, सौरभ सोनी, गोपाल साहू, आनंद शांडिल्य, हिन्दू जागरण मंच धमतरी तथा दीपक सिंह ठाकुर प्रांत युवा आयाम प्रमुख एवं कार्यकारिणी सदस्य हिन्दू जागरण मंच छत्तीसगढ़ शामिल रहे।



### ग्रामीणों ने की सड़क चौड़ीकरण की मांग

**धमतरी।** ग्राम मोखा (मड़ाईभाठा) के ग्रामीणों ने सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग को लेकर कलेक्टर को स्मरण पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। बरसात के मौसम में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से स्कूली छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों तथा राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस सहित अन्य आवश्यक सेवाओं के समय पर गांव तक नहीं पहुंच पाने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य को शीघ्र स्वीकृति देकर तत्काल शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रवीण साहू, विकास साहू, आयुष हिरवानी, इन्द्रेश साहू, नागेश नाग, सोनू साहू समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



### नवनिर्मित जैतखाम चबूतरे की हुई पूजा-अर्चना

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 में सतनाम समाज द्वारा नवनिर्मित जैतखाम चबूतरे की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। जैतखाम सतनाम, सत्य, समानता और शांति का प्रतीक माना जाता है। सतनाम समाज की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद श्रीमती हिमानी साहू रहीं। इस अवसर पर श्रीमती हिमानी ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक स्थल समाज की एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने समाज के विकास एवं जनहित के कार्यों में सदैव सहयोग देने का विश्वास भी व्यक्त किया।



### सेवानिवृत्त व्याख्याता ने 140 विद्यार्थियों को बांटे स्कूल बैग

**कुरूद।** नगर के पुराना बाजार स्थित बालक एवं कन्या प्राथमिक शाला में सेवानिवृत्त व्याख्याता ऋषि कुमार आमदे ने शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले 140 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ा। विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री आमदे ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है और समाज का दायित्व है कि वह बच्चों को प्रारंभ से ही शिक्षा के प्रति प्रेरित करे। उन्होंने बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से लगातार इस विद्यालय के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित कर रहे हैं। कार्यक्रम में पार्षद उर्वशी चंद्राकर, प्रधानपाठक उषा ध्रुव, दीपिका दीवान, दीपमाला सिन्हा, पूजा सोनी, प्रेमलाल पटेल, विद्यालय परिवार समेत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।



### मांगें पूरी न होने पर भविष्य में उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक फेडरेशन ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छग सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनरतले 15 जुलाई को प्रदेश के लाखों शिक्षकों ने अपनी लंबित और जायज मांगों को लेकर राजधानी रायपुर में रैली निकरली। प्रांतीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राठौर के नेतृत्व में हुए इस ऐतिहासिक आंदोलन में हजारों शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद की।

श्री राठौर ने कहा कि यह आंदोलन शौक से नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की निरंतर बनी हुई उदासीनता के कारण उत्पन्न हुई विवशता का परिणाम है। सरकार को शिक्षकों की इन संवेदनशील और न्यायसंगत मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अविलंब सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। आंदोलन के बाद फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार अभनपुर को सौंपकर अपनी 7 सूत्रीय ज्वलंत मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की।

फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारियों मनीष मिश्रा, राजू टंडन, देवेन्द्र हरमुख, शेषनाथ पाण्डेय, वसंत कौशिक, कौशल अवस्थी ने संयुक्त रूप से कहा कि आज का यह प्रदर्शन शासन का ध्यानाकर्षण कराने के लिए था। यदि समय रहते विभाग और शासन द्वारा इन मांगों पर कोई ठोस और लिखित आदेश जारी नहीं किया जाता है, तो संगठन भविष्य में इससे भी अधिक उग्र और व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस आंदोलन को सर्व शिक्षक संघ, नवीन शिक्षक संघ, हेडमास्टर वेलफेयर जागरूक शिक्षक, संकुल समन्वयक संघ से विक्रम राय, कमलेश बिसेन,कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से कमल वर्मा, व्याख्याता शिक्षक संघ से विष्णु साहू, शंकर साहू, जाकेश साहू ने उपस्थित होकर समर्थन किया। दौलत ध्रुव ने कहा कि मोदी की गारंटी के वादे को सरकार पूरा करे। उनकी उदासीनता के कारण शिक्षक सड़क पर उतरने को मजबूर हुए। आंदोलन में प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, प्रांतीय संगठन महामंत्री राजेंद्र वर्मा, जिला सचिव भेषज साहू, जिला कोषाध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश साहू, ममता प्रजापति, तेजलाल साहू समेत जिले के हजारों शिक्षक शामिल हुए।

# बच्चों ने साइकिल पर निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

- गोकुलपुर वार्ड की कृदत्त कॉलोनी में गजामूंग व पेड़े का प्रसाद वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के पावन अवसर पर गोकुलपुर वार्ड स्थित कृदत्त कॉलोनी के बच्चों ने अनूठी पहल करते हुए साइकिल पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली। अयांश सिंह की अगुवाई में निकली इस मिनी रथयात्रा ने कॉलोनीवासियों का ध्यान आकर्षित किया और बच्चों की श्रद्धा व उत्साह की सभी ने सराहना की। रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की लकड़ी से निर्मित प्रतिमाओं को साइकिल पर सुसज्जित कर पूरे कॉलोनी क्षेत्र में भ्रमण कराया गया। बच्चे बाजे-गाजे और जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ श्रद्धा और उल्लास से रथयात्रा में शामिल हुए। रथयात्रा के समापन पर बच्चों ने कॉलोनीवासियों के बीच पारंपरिक गजामूंग एवं पेड़े का प्रसाद वितरित कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद सभी तक पहुंचाया। इस अवसर पर अनय जायसवाल, गेविश साहू, विभु, चेतस चंद्राकर, आरो जायसवाल, सिम्मी साहू, फवी चंद्राकर सहित अनेक बच्चों ने श्रद्धापूर्वक रथयात्रा में भाग लिया। बच्चों की इस पहल ने धार्मिक परंपराओं के प्रति नई पीढ़ी की आस्था और सांस्कृतिक जुड़ाव का सुंदर संदेश दिया।

# समय पर मजदूरी का भुगतान, पीएफ-ईएसआई लाभ और अनुबंध की मांग



**धमतरी।** छग एफसीआई मजदूर एकता यूनियन जिला समिति धमतरी ने भारतीय खाद्य निगम के नवागांव स्थित गोदाम में कार्यरत हमाल मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कलेक्टर, अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) तथा श्रमपदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने मजदूरों के हितों से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आगे आंदोलन का रास्ता अपनाया जायेगा।

यूनियन के संरक्षक धर्मराज महापात्र के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि नवागांव स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में लगभग 100 हमाल मजदूर पिछले नौ वर्षों से कार्यरत हैं। मजदूर ठेकेदारी व्यवस्था के तहत प्रति दो वर्ष के अनुबंध पर प्रति बोरा निर्धारित मजदूरी दर के अनुसार कार्य करते हैं। पूर्व के ठेकेदारों द्वारा प्रत्येक माह की 7 तारीख तक मजदूरी मजदूरों के बैंक खातों में जमा कर दी जाती थी, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती थी। यूनियन ने प्रशासन से मांग की है कि कंपनी द्वारा 15 दिनों के भीतर हमाल समूह के साथ विधिवत अनुबंध किया जाए तथा प्रत्येक माह की 5 तारीख तक मजदूरी सीधे बैंक खातों में जमा कराई जाए। मजदूरों के भविष्य निधि (पीएफ) में जमा राशि से जुड़ी विसंगतियों को दूर कर नियमानुसार अंशदान सुनिश्चित किया जाए। मजदूरों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उन्हें भी इस योजना का लाभ दिलाया जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है? तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी & inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज Presents
डॉ. हिमांशु द्विवेदी (प्रधान संपादक) हरिभूमि, आईएनएच
संतोष पाण्डेय सांसद
भोलाराम साहू विधायक, खुज्जी
हर्षिता स्वामी बघेल विधायक, डोंगरगढ़
मधुसूदन यादव महापौर, राजनांदगांव
नीलू शर्मा अध्यक्ष, पर्यटन मंडल
सचिन बघेल अध्यक्ष, जि.सह.कें.बैंक
किरण वैष्णव अध्यक्ष, जिला पंचायत
डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़ विधायक, राजनांदगांव
जिला संवाद 2026
राजनांदगांव
छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष
पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यो एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर
कार्यक्रम दिनांक : 19 जुलाई रविवार, दोपहर-2 बजे से
स्थान : एबीस ग्रीन्स, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष, जिला भाजपा
विपिन यादव अध्यक्ष, जिला कांग्रेस
जितेन्द्र मुदलियार अध्यक्ष, शहर कांग्रेस
छन्नी साहू पूर्व विधायक, खुज्जी
बहादुर अली एमडी, आईबी ग्रुप
सुरेश एच लाल अध्यक्ष, शिक्षा मंडल राजनांदगांव
सुशील कोठारी वरिष्ठ संपादक
कृष्ण कुमार द्विवेदी शिक्षाविद
नीरज बाजपेयी शिक्षाविद
जितेन्द्र यादव कलेक्टर, राजनांदगांव
अंकिता शर्मा एसपी, राजनांदगांव
सुनील मूंदड़ा उद्योगपति
सुनील अग्रवाल उद्योगपति
डॉ. प्रकाश खुंटे चिकित्सक
कमलेश वेद अध्यक्ष, चेम्बर आफ कामर्स
राजू डागा अध्यक्ष, कैट
-: Supported by :-
IB GROUP
Aqua Village WATER PARK & RESORT Fun | Eat | Stay | Celebrate
SANJEEVANI NURSING HOME HEART CARE & SUPERSPECIALITY HOSPITAL
NBIS ज्ञानं परमं ध्येयम्
BAL BHARTI PUBLIC SCHOOL RAJNANDGAON C.G.
इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति राजनांदगांव के विकास को सुनिश्चित करेगी
MP TATA PLAY 1155 airtel 366 hathway 229 DEN 350 ACN 172 367 SITI 359 RCN 236 RAJA CABLE 253 ACN 227 inh 24x7 जनता TV CG TATA PLAY 1155 airtel 366 hathway 222 DG 367 347 Grand News 345 SITI 314 BCC 326 NST 1150 VANDE MATRAM NETWORK 225 478 NEXT DIGITAL 812 JioTV 1163